राष्ट्रीय संस्करण

दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 125

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, रविवार, 13 अक्टूबर 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 16

विश्व चैंपियन बनने से एक कदम दूर हैं मंजू >> 14

सरोकार

फसल की बजाय अब कीटों पर वार

चंडीगढ़ : चंडीगढ़ स्थित सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंटल ऑर्गनाइजेशन (सीएसआइओ) के वैज्ञानिक ने ऐसी डिवाइस तैयार की है, जिससे स्प्रे करने पर कीटनाशक सीधे पौधे के प्रभावित हिस्से पर प्रहार करेगा। बहुत ही कम रसायन के इस्तेमाल से हानिकारक कीटों को तो खत्म किया जा सकेगा। (पेज-11)

रविवार विशेष

गड्ढे में मोती उगाकर तकदीर बदल रहा किसान

जमशेदपुर : झारखंड के किसान अब तक धान और सब्जी की खेती ही करते आए हैं, लेकिन एक किसान ऐसा है जो अपने खेत में ही मोती की खेती कर रहा है। जमशेदपुर से 25 किलोमीटर दूर रंगामटिया गांव में यह खेती हो रही है। (पेज-11)



न्यूज गैलरी

सिटी न्यूज ▶ पृष्ठ 2

प्रधानमंत्री मोदी की भतीजी से दिल्ली में झपटा पर्स

नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में झपटमारों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार सुबह स्कूटी सवार दो बदमाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी दमयंती बेन से पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में 56 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन और कई अहम दस्तावेज थे। बदमाशों की उम्र 17-18 साल के करीब थी।

राज-नीति ▶ पृष्ठ 3

मोदी आठ को करेंगे करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री हरसिमरत बादल ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। यह कॉरिडोर पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब और पंजाब के गुरदासपुर जिले में स्थित डेरा बाबा नानक देव गुरुद्वारों को जोड़ेगा।

नेशनल न्यूज ▶ पृष्ठ 6

उत्तर प्रदेश में एक और भाजपा नेता की हत्या

सहारनपुर : उप्र में कानून-व्यवस्था दुरुस्त होने का दावा भले ही सरकार और पुलिस कर रही हो, पर सहारनपुर में पांच दिनों के भीतर भाजपा के दो नेताओं की हत्या से सनसनी मच गई है। शनिवार को देवबंद में भाजपा नेता व नगर पालिका सभासद चौधरी धारा सिंह गुर्जर की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गुस्साए ग्रामीणों ने एसएसपी दिनेश कुमार पी का घेराव किया।

अंतरराष्ट्रीय ▶ पृष्ठ 13

ट्रंप प्रशासन से एक और मंत्री ने दिया इस्तीफा

वाशिंगटन : अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का साथ छोड़ने वाले शीर्ष अधिकारियों की सूची में शुक्रवार को केविन मैक्लीनन का भी नाम जुड़ गया। उन्होंने अमेरिका के कार्यवाहक गृह सुरक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मैक्लीनन के इस्तीफे का एलान खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया। वह अगले हफ्ते नए कार्यवाहक मंत्री के नाम का एलान करेंगे।

मतभेदों को नहीं बनने देंगे विवाद

सफलता ▶ मोदी-चिनफिंग वार्ता में सहयोग का नया दौर शुरू करने पर सहमति

तकरीबन साढ़े छह घंटे चली व्यक्तिगत वार्ता में आर्थिक व कारोबारी मुद्दों पर हुई चर्चा

जयप्रकाश रंजन, मामल्लपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच यहां दो दिनों तक हुई दूसरी अनौपचारिक वार्ता में दोनों नेताओं के बीच सहमति बनी है कि वे रिश्तों में उपजने वाले छोटे-मोटे मतभेदों को विवाद का रूप नहीं लेने देंगे और न ही इन मतभेदों से साझा भविष्य तलाशने की कोशिशों पर असर पड़ने देंगे। मोदी और चिनफिंग के बीच दोनों दिन कई चरणों में तकरीबन साढ़े छह घंटे चली व्यक्तिगत वार्ता में आर्थिक और कारोबारी मुद्दों को लेकर काफी विमर्श हुआ। इनके समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय वार्ता तंत्र बनाने पर सहमति बनी। दोनों ने पिछले वर्ष वुहान में हुई इस तरह की पहली बैठक में सीमा पर अमन और शांति बहाली के लिए उठाए गए कदमों को और मजबूती से लागू करने की बात दोहराई। इस बारे में जल्द ही अतिरिक्त उपायों की घोषणा की जाएगी। इससे भी अहम बात यह है कि हर वर्ष अनौपचारिक तौर पर मिलकर रिश्तों को दिशा देने की यह कोशिश दोनों नेता आगे भी जारी रखेंगे। इसके लिए चिनफिंग ने मोदी को न्योता दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

मोदी और चिनफिंग के बीच 1400 वर्ष पूर्व स्थापित इस ऐतिहासिक शहर में हुई वार्ता में लिए गए फैसलों को 'चेन्नई कनेक्ट' के नाम से चिह्नित किया गया है। पिछली बैठक को 'वुहान स्पिरिट' के नाम से जाना जाता है। विदेश सचिव विजय गोखले ने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की बीच दो दिनों की इस बातचीत में कश्मीर का मुद्दा नहीं उठा। हालांकि चीनी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की हालिया चीन यात्रा के बारे में जानकारी दी। दरअसल, इमरान खान के पांच दिन पहले चीन पहुंचने और वहां राष्ट्रपति चिनफिंग की तरफ से कश्मीर पर कुछ टिप्पणी करने के बाद इसका साया मामल्लपुरम वार्ता पर भी पड़ने की बात कही जा रही थी। माना जा रहा है कि चिनफिंग की टिप्पणी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने जिस तरह से कड़ी टिप्पणी की थी, संभवतः उससे साफ हो गया था कि कश्मीर पर भारत हस्तक्षेप सहन करने के मूड में नहीं है। दूसरी बात यह है कि जिस तरह भारतीय पक्ष ने राष्ट्रपति चिनफिंग और उनके साथ आए करीब 100 सदस्यीय दल का स्वागत किया, यह उसका भी असर हो।

चीन के राष्ट्रपति के साथ आधिकारिक स्तर की वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पिछले दो हजार साल के अधिकांश कालखंड में भारत और चीन दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्तियां रहे हैं और अब इस शताब्दी में हम फिर से साथ-साथ उस स्थिति को हासिल कर रहे हैं। हमने तय किया है कि हम मतभेदों का समझदारी से समाधान करेंगे और उन्हें विवाद नहीं बनने देंगे। हम एक दूसरे की चिंताओं के बारे में संवेदनशील रहेंगे। हमारे चेन्नई विजन से दोनों देशों के बीच सहयोग का नया दौर शुरू होगा।'

राष्ट्रपति चिनफिंग का बयान भी कम सकारात्मक नहीं रहा। मेहमानवाजी से गदगद चिनफिंग ने कारोबार को लेकर भारत की चिंताओं को बखूबी समझने की बात कही। चाहे चीन से बढ़ते आयात की वजह से भारत के पक्ष में गड़बड़ाते कारोबारी घाटे की बात हो या क्षेत्रीय कारोबारी समझौते (रीजनल कंप्रीहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप-आरसेप) को लेकर भारत की चिंताओं की बात हो, चिनफिंग ने हर मुद्दे को सुना और कहा कि वह ऐसा समाधान निकालने का समर्थन करेंगे जिससे हर पक्ष के हितों का ख्याल रखा जा सके।

चीनी राजदूत ने यात्रा को बताया बेहद सफल : भारत में चीन के राजदूत शुन वी डोंग ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति चिनफिंग की वार्ता को बहुत ही सफल करार दिया। वार्ता से पहले भी डोंग ने कहा था कि भारत और चीन एक दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं और दोनों देशों का सहयोग दक्षिण एशिया और विश्व शांति के लिए बेहद जरूरी है।

वुहान टू मामल्लपुरम (विशेष आयोजन) पेज>>5

मामल्लपुरम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को सिल्क का विशेष शॉल भेंट किया। बुनकरों द्वारा तैयार इस शॉल की खास बात यह है कि इस पर चिनफिंग की तस्वीर बनी है। (संबंधित खबर पेज-5 पर) प्रेट्र

'चेन्नई कनेक्ट' की खास बातें

- मोदी और चिनफिंग ने अपने हाथों में ली रिश्तों की कमान
- राष्ट्रपति चिनफिंग बोले, कारोबार पर भारत की चिंताओं का रखेंगे ख्याल
- कारोबारी समस्याओं को दूर करने के लिए उच्चस्तरीय तंत्र होगा गठित
- कश्मीर और पाकिस्तान से आगे देखने की होगी कोशिश, नहीं उठा मुद्दा
- सीमा पर शांति बहाल रखेंगे, जल्द होगा उपायों का एलान
- आतंकवाद और धार्मिक कट्टरवाद रोकने के लिए बढ़ाएंगे सहयोग

कश्मीर में पाबंदियां खत्म, कल से शुरू होगी मोबाइल सेवा

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

- घाटी के 99 फीसद इलाकों में आवाजाही पर अब कोई रोक-टोक नहीं
- इंटरनेट और प्रीपेड सेवा के लिए अभी कुछ और दिन करना होगा इंतजार

कश्मीर में हालात सुधर रहे हैं। ऐसे में सामान्य जनजीवन को पूरी तरह पटरी पर लाने के लिए प्रशासन ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए 14 अक्टूबर से सभी पोस्टपेड मोबाइल सेवाओं को बहाल करने का एलान किया है। यह सेवा कश्मीर के सभी 10 जिलों में शुरू होगी। घाटी के 99 फीसद इलाकों में हालात पूरी तरह सामान्य हैं और आवाजाही की पाबंदियां पूरी तरह से हटा ली गई हैं। सिर्फ आठ-दस पुलिस थाना क्षेत्रों में ही थोड़ी-बहुत पाबंदियां हैं। लैंडलाइन सेवाएं पहले से पूरी तरह बहाल हैं। सभी शिक्षण संस्थान भी खुल चुके हैं। इंटरनेट पर रोक से आने वाली दिक्कतों के हल के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक से दो स्थानों पर 25 टर्मिनल पर आधारित इंटरनेट कैफे भी बनाए गए हैं।

बता दें कि पहले राज्य प्रशासन ने यह सेवा शनिवार को बहाल करने का संकेत दिया था, जिन्हें किन्हीं कारणों से अब सोमवार दोपहर 12 बजे बहाल किया जाएगा। प्री-पेड मोबाइल और इंटरनेट सेवा के लिए अभी कुछ और इंतजार करना होगा, लेकिन पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थलों पर इंटरनेट सेवा जल्द शुरू हो सकती है। राज्य सरकार के प्रवक्ता और प्रधान सचिव रोहित कंसल ने शनिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले चार अगस्त को वादी में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए यह पाबंदियां लगाई गई थीं। वहीं, हालात में लगातार सुधार और स्थिति की नियमित समीक्षा के आधार पर पाबंदियों को सिलसिलेवार तरीके से हटाया गया है।

कंसल ने बताया कि जम्मू संभाग के दस जिलों के अलावा लेह और कारगिल में सभी प्रकार की फोन सेवाएं पहले ही बहाल की जा चुकी हैं। सिर्फ घाटी में ही मोबाइल सेवा बंद थी। ऐसे में अब बीएसएनएल समेत जितनी भी दूरसंचार क्षेत्र के कंपनियां कश्मीर में यह सेवा प्रदान कर रही हैं, अपनी सेवाएं शुरू कर देंगी।

कंसल ने कहा-आतंकियों से डरने की नहीं है जरूरत

प्रदेश में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए रोहित कंसल ने कहा कि हम विघटनकारी तत्वों की हर साजिश को नाकाम बनाएंगे। व्यापारियों, उद्योगपतियों, ट्रांसपोर्टरों, दुकानदारों, होटल मालिकों और ठेकेदारों को आतंकियों व अलगाववादियों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्हें बेखौफ अपनी सामान्य दिनचर्या पर लौटना चाहिए। वहीं, कोई शरारती तत्व उन्हें तंग करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पर्यटक एडवाइजरी वापस लेने के बाद लिया फैसला : पोस्टपेड मोबाइल सेवा बहाल करने का फैसला राज्य सरकार द्वारा नौ अक्टूबर को पर्यटकों के लिए एडवाइजरी वापस लिए जाने के बाद आया है। विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और टूरिस्ट संगठनों ने कहा था कि जब तक मोबाइल सेवा बहाल नहीं होगी, पर्यटकों के लिए हटाई गई ट्रैवल एडवाइजरी कारगर नहीं होगी।

चरणबद्ध तरीके से होगी रिहाई : हिरासत में लिए गए राजनीतिक लोगों की रिहाई के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इन सभी को संबंधित कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए, हालात में सुधार और संबंधित परिस्थितियों की समीक्षा के आधार पर चरणबद्ध तरीके से रिहा किया जाएगा।

श्रीनगर में सचिवालय के समीप ग्रेनेड हमला, आठ लोग घायल पेज>>6

अयोध्या मसले पर समझौते से पर्सनल लॉ बोर्ड का इन्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोर्ड को सुप्रीम कोर्ट का फैसला मुस्लिमों के हक में आने की उम्मीद
- तीन तलाक कानून को बताया शरीयत में हस्तक्षेप, कोर्ट में देंगे चुनौती

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शनिवार को अयोध्या मसले पर किसी भी समझौते से इन्कार कर दिया। बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक में उम्मीद जताई गई कि सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या विवाद का फैसला मुसलमानों के हक में आएगा। बोर्ड ने तत्काल तीन तलाक कानून को शरीयत में हस्तक्षेप मानते हुए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय किया है। बोर्ड ने कहा कि समान नागरिक संहिता न सिर्फ मुसलमानों के लिए बल्कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों सहित अन्य समुदायों के लिए भी बड़ी दिक्कतें पैदा करेगा।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले की सुनवाई अंतिम चरण में है। वहीं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने भी पिछले दिनों अयोध्या मसले का हल कोर्ट से बाहर किए जाने की मांग की थी। बुद्धिजीवियों ने कहा था कि यदि मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट से मुकदमा जीत भी जाता है तो उसे यह जमीन हिंदुओं को दे देनी चाहिए। इसी के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक अहम मानी जा रही थी।

शनिवार को लखनऊ के नदवा कॉलेज में हुई बैठक के बाद बोर्ड ने साफ किया कि अयोध्या मसले पर वह अपने पुराने रुख पर कायम है। बोर्ड ने इस मसले पर किसी भी समझौते से इन्कार कर दिया है। बोर्ड ने कहा कि जो जमीन मस्जिद के लिए वक्फ कर दी जाती है, उसे मुसलमान न तो किसी को दे सकते हैं और न ही उसे छोड़ सकते हैं। समझौते की पहले भी कई बार नाकाम कोशिशें हो चुकी हैं। बैठक में कहा गया कि बोर्ड के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. राजीव धवन की अगुआई में जो दलील व गवाह अदालत में पेश किए गए, उससे पूरी उम्मीद है कि फैसला बाबरी मस्जिद के हक में आएगा। मौलाना सैयद राबे हसनी नदवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समान नागरिक संहिता के बारे में कहा गया कि यह देश के लिए किसी भी तरह से उपयुक्त नहीं है। बोर्ड इसका विरोध करेगा। बोर्ड ने केंद्र सरकार से भी इसे लागू न करने की मांग की।

बैठक में तत्काल तीन तलाक कानून पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस कानून को शरीयत में हस्तक्षेप मानते हुए इसका हर स्तर पर विरोध करने का निर्णय किया गया। बोर्ड ने कहा कि इससे औरतों और बच्चों के हक भी प्रभावित होंगे। इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया जाएगा। बैठक में महासचिव मौलाना वली रहमानी, उपाध्यक्ष फखरुद्दीन अशरफ किछौछवी, जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, मौलाना महमूद मदनी, जफरयाब जीलानी, मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी और मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली समेत तमाम सदस्य मौजूद रहे।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में जाते मौलाना महमूद मदनी व अन्य। जागरण

महिलाओं को ऑड-इवेन से मिली छूट

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चार से 15 नवंबर तक लागू होने वाले ऑड-इवेन योजना में इस बार भी महिलाओं को छूट दी गई है, लेकिन निजी सीएनजी वाहनों को रियायत नहीं होगी। सार्वजनिक वाहनों पर यह व्यवस्था लागू नहीं होगी और दोपहिया वाहन के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जुर्माने पर भी कोई फैसला नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दोपहिया वाहनों से बहुत प्रदूषण होता है, मगर दिल्ली में चल रहे 70 लाख दोपहिया में से 35 लाख को सड़क से हटा दिया जाएगा तो परिवहन की समस्या खड़ी हो जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि दोपहिया को छूट मिल सकती है। इसमें सुबह व शाम को तीन-तीन घंटे तक अनुमति देने का फार्मूला भी अपनाया जा सकता है।

दो हजार अतिरिक्त बसों का इंतजाम : ऑड-इवेन के दौरान लोगों को परेशानी से बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने दो हजार अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया है। निजी बस चालकों से संपर्क किया गया है। बेहतर यातायात संचालन के लिए 200 स्थानों पर पांच हजार वॉलंटियर्स लगाए जाएंगे। एप आधारित टैक्सी सेवा उबर के अधिकारियों को बता दिया गया है कि किसी भी कीमत पर डेढ़ गुना से ज्यादा कीमत की वसूली नहीं हो सकती है।

दफ्तर की टाइमिंग पर चल रही बात : सीएम ने बताया कि ऑड-इवेन के दौरान सार्वजनिक वाहनों पर एक समय दबाव न बने इसके लिए दफ्तरों का समय बदलने पर विशेषज्ञों से बात चल रही है। जल्द ही इसे तय कर लिया जाएगा। अभी 11 बजे से साढ़े सात बजे तक सरकारी कार्यालयों का समय करने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने लोगों को दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कार पूलिंग करने की सलाह भी दी।

कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के निजी सहायक ने की आत्महत्या

- सुसाइड नोट में छापे से परेशान होकर आत्महत्या की बात कही
- शनिवार को एक बार फिर आयकर विभाग ने परमेश्वर के यहां मारे छापे

बेंगलुरु, एजेंसियां : कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर के निजी सहायक एनएस रमेश (38) ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक कथित सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने छापे से परेशान होकर सम्मान की रक्षा के लिए खुदकशी करने की बात कही है। पत्र में पुलिस से पत्नी और बच्चों को परेशान नहीं करने का अनुरोध किया गया है। इस घटनाक्रम के बाद आयकर विभाग ने एक बार फिर परमेश्वर से जुड़े आवास, कार्यालय और शिक्षा संस्थानों पर छापे मारे। परमेश्वर के ठिकानों से आयकर विभाग ने करोड़ों रुपये जब्त किए थे। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने दो दिन पहले परमेश्वर के आवास, कार्यालय और सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में छापे मारे थे और रमेश से भी पूछताछ की थी।

पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह भारतीय खेल प्राधिकरण के मैदान के पास रमेश का शव एक पेड़ से लटकता मिला। वह रामनगर के मेल्लईहल्ली के रहने वाले थे। रमेश ने सुसाइड नोट में लिखा, 'मैं अपने घर में आयकर विभाग के छापे से परेशान हूं और सम्मान की रक्षा के लिए मैंने आत्महत्या करने का फैसला किया है। गरीब हमेशा गरीब रहना चाहिए, इस संस्कृति से ऊबकर मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं।'

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस कार्यालय में बतौर टाइपिस्ट से काम शुरू करने वाले रमेश जल्द ही परमेश्वर के करीबी बन गए थे। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे परमेश्वर ने बताया कि छापों से परेशान रमेश को उन्होंने निडरता से पूरे मामले का सामना करने को कहा था। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मैं नहीं जानता कि उन्होंने क्यों खुदकशी की। सुबह भी मैंने उनसे बात की थी।' परमेश्वर के अनुसार आयकर विभाग ने उन्हें मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि कुछ छात्रों की शिकायतों के बाद छापे की कार्रवाई की गई। छापों को राजनीतिक रंग देने से इन्कार करते हुए उन्होंने कहा कि वह आयकर विभाग के हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं।

आयकर विभाग ने कहा-रमेश के घर कोई छानबीन नहीं की पेज>>6

रमेश की खुदकशी उत्पीड़न का उदाहरण : कांग्रेस

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रमेश की खुदकशी को उत्पीड़न का उदाहरण बताया है। पार्टी ने एक ट्वीट में कहा कि आयकर विभाग के उत्पीड़न के चलते ही सीसीडी (कैफे कॉफी डे) के संस्थापक सिद्धार्थ ने आत्महत्या की थी और अब रमेश ने जान दे दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव ने सवाल किया कि आखिर कांग्रेस नेताओं के घर पर ही क्यों छापे मारे जा रहे हैं? ऐसा लगता है कि इसके पीछे एकमात्र एजेंडा उन लोगों को निशाना बनाना और परेशान करना है, जो भाजपा के खिलाफ लिखते या बोलते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने आरोप लगाया कि दो-तीन दिनों की पूछताछ के दौरान रमेश को यातनाएं दी गईं, जिसके चलते उन्होंने खुदकशी की।

ईडी ने जब्त की भूषण स्टील की 4025 करोड़ की संपत्ति

- दिल्ली की सीबीआइ कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

जासं, भुवनेश्वर : दिवालिया घोषित की जा चुकी भूषण पावर एंड स्टील कंपनी के प्रमोटरों द्वारा जाली कागजात के आधार पर 5500 करोड़ रुपये का लोन लेने के मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने कंपनी की संबलपुर स्थित फैक्ट्री को अटैच कर लिया है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत 4025 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दिल्ली की सीबीआइ कोर्ट के निर्देश के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई की है।

ताजा मामले में भूषण पावर एंड स्टील कंपनी के कंपनी के प्रमोटर संजय सिंघल व अन्य के खिलाफ फर्जी कागजात दिखाकर पंजाब नेशनल बैंक और इलाहाबाद बैंक से लगभग 5500 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की शिकायत की गई थी। इस मामले की जांच सीबीआइ कर रही थी। सीबीआइ ने संजय सिंघल और अन्य के खिलाफ जालसाजी, आपराधिक साजिश, भ्रष्टाचार निरोधक कानून और मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई दिल्ली स्थित सीबीआइ कोर्ट में चल रही है। सिंघल परिवार पर जालसाजी के आरोप की पुष्टि के बाद सीबीआइ कोर्ट ने ईडी को कंपनी की संपत्ति जब्त करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि भूषण पावर एंड स्टील कंपनी को कानूनी तौर पर बेचने की प्रक्रिया चल रही है। इस कंपनी को खरीदने के लिए 19500 करोड़ रुपये की सर्वाधिक बोली का टेंडर जेएसडब्ल्यू स्टील ने भरा है। कंपनी पर वर्तमान में 48000 करोड़ रुपये का बैंक कर्ज है। इसी कारण इसे दिवालिया घोषित किया गया था।

पेश की मिसाल

ट्विटर पर तीन मिनट के वीडियो में मामल्लपुरम में मिशन मोड में दिखाई दिए प्रधानमंत्री, लोगों से की सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील

समुद्र तट पर कचरा साफ कर मोदी ने दिया बड़ा संदेश

मामल्लपुरम, प्रेट्र : चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए इस ऐतिहासिक नगर में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह समुद्र तट पर 'प्लॉगिंग' की। उन्होंने सुबह की सैर के दौरान समुद्र तट से प्लास्टिक का कूड़ा, पानी की बोतलें और दूसरे प्रकार का कचरा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

मोदी ने ट्विटर पर तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा एकत्र करते हुए नजर आए। उन्होंने ट्वीट किया, 'मामल्लपुरम में सुबह समुद्र तट पर प्लॉगिंग करते हुए। यह करीब 30 मिनट तक चला। साथ ही मैंने एकत्र किया हुआ कूड़ा जयराज को थमाया जो होटल के कर्मचारी हैं।' एक अन्य ट्वीट में मोदी ने कहा, 'मामल्लपुरम में खूबसूरत तट के किनारे तरोताजा करने वाली सैर और कसरत।' उन्होंने आगे लिखा 'हम सभी यह सुनिश्चित करें कि हमारे सार्वजनिक स्थान साफ एवं सुंदर रहें। चलिए, यह भी सुनिश्चित करते हैं कि हम स्वस्थ रहें।' बता दें कि 'प्लॉगिंग' का मतलब जॉगिंग करते या दौड़ते वक्त प्लास्टिक की उपयोग की हुई बोतलें जैसा कूड़ा-कचरा उठाना होता है।

प्रधानमंत्री के 'प्लॉगिंग' वीडियो को टैग करते हुए भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'एक सच्चा नेता उदाहरण स्थापित कर नेतृत्व करता है। हम स्वच्छता की दिशा में अथक प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आभारी हैं। आइए हम उनके स्वच्छ और समृद्ध भारत के संकल्प को और आगे बढ़ाएं।'

याद दिला दें कि इसी साल स्वतंत्रता दिवस पर मोदी ने देश को एक बार इस्तेमाल की जाने वाली प्लास्टिक से मुक्त बनाने का अभियान शुरू करने की घोषणा की थी। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2014 में की गई थी। यह उनका प्रिय अभियान है। 29 सितंबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने संभवतः भारत के पहले प्लॉगर रिपुदमन बेल्वि के प्रयासों की सराहना की थी जिन्होंने सुबह की सैर के दौरान कचरा उठाने का अभियान शुरू किया था। प्रधानमंत्री का कहना था कि विदेश में प्लॉगिंग पहले से चलन में है, लेकिन भारत में बेल्वि ने इसे काफी हद तक बढ़ावा दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा था कि प्लॉगिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार देशभर में दो किलोमीटर की दौड़ का आयोजन भी करेगी। इस हफ्ते की शुरुआत में भी मोदी ने प्लॉगिंग को सभी के लिए लाभकारी बताया था क्योंकि इससे फिटनेस के साथ-साथ पर्यावरण में भी सुधार होता है। एक ट्वीट में उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मुंबई में प्लॉगिंग पर आधारित सामाजिक प्रयोग की प्रशंसा की थी।

तमिलनाडु के मामल्लपुरम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह की सैर के दौरान समुद्र तट से कूड़ा-कचरा साफ किया। एएनआइ

मीरजापुर में नमक-रोटी के बाद सीतापुर में मिड डे मील में हल्दी का घोल और चावल परोसा

जागरण संवाददाता, सीतापुर

- उत्तर प्रदेश में लापरवाही का एक और मामला सामने आया

मीरजापुर में बच्चों को नमक-रोटी देने की घटना के बाद अब सीतापुर के पिसावां ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय बिचपरिया में मिड डे मील (एमडीएम) पर सवाल उठा है। दावा है, यहां बच्चों को हल्दी के घोल में कच्चे चावल परोस दिए गए। शनिवार दोपहर इस आशय का वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों में खलबली मच गई। यही नहीं, मुख्यमंत्री दफ्तर ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट तलब की है, जिसके बाद एडीएम विनय कुमार पाठक देर शाम तक गांव में जांच करते रहे। बच्चों के बयान भी दर्ज किए, जिसके बाद उन्होंने घटना को गलत बताते हुए किसी भी कार्रवाई से इन्कार कर दिया।

बिचपरिया स्कूल में कुल 104 बच्चे हैं। इनमें 54 उपस्थित थे। शनिवार की दोपहर स्कूल के बच्चों की थाली में पीला घोल (जिसे हल्दी का घोल बताया गया) और चावल के दानों का एक वीडियो वायरल हुआ। कहा गया कि बच्चों को हल्दी के घोल में कच्चे चावल परोस दिए। वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए अजय कुमार को जांच के निर्देश मिले। स्कूल बंद होने के बावजूद बीएसए मौके पर गए और बच्चों व अभिभावकों के बयान लिए।

बीएसए ने बताया कि शनिवार को मध्याह्न भोजन का मेन्यू सब्जी-चावल था। स्कूल में आलू और सोयाबीन की सब्जी व चावल बना था। छात्रा प्रियांशी व रागिनी और अभिभावक नीलकंठ सहित कई लोगों ने भोजन अच्छा होने की बात कही है। भोजन का आखिरी हिस्सा रसा व चावल शेष था, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया। एडीएम विनय कुमार पाठक ने बताया कि वायरल वीडियो गलत है। हमने गांव में पहुंचकर दो दर्जन से अधिक अभिभावकों और छात्रों से जानकारी ली है। किसी ने भी भोजन के संबंध में कोई शिकायत नहीं की। ग्रामीण और बच्चे भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं। ऐसे में कोई कार्रवाई नहीं बनती है।

सीतापुर में पिसावां ब्लॉक के बिचपरिया प्राथमिक विद्यालय में एमडीएम लिए बच्चे का वायरल फोटो।